दैनिक नवज्योति उदयपुर, बुधवार, 11 मार्च 2015

महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन का वार्षिक अलंकरण समारोह 22 को

प्रो. स्मिथ को जेम्स टॉड और ग्रोवर को हकीम खां सूर अलंकरण

ब्यूरो/नवज्योति, उदयपुर

प्रो. जॉन डी. स्मिथ

पियुष पाण्डे

वृन्दा ग्रोवर

जादव मुलाय पयांग

अनु आगा

महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउण्डेशन के वार्षिक अलंकरण समारोह के अवसर पर भारत के प्रति सार्वभौम संपादित स्थायी मूल्यों की सेवाओं के उपलक्ष्य में कर्नल जेम्स टॉड अलंकरण प्रो. जॉन डी. स्मिथ को दिया जाएगा। इन्होंने राजस्थान और विशेषतः मेवाड़ की फड़ चित्रकारी पर शोध एवं अनुवाद का लेखन कर अनेक पुस्तकों के माध्यम से भारतीय एवं विदेशी शोधकर्ताओं को नई दिशा प्रदान की। इस अलंकरण के तहत 111001 रुपए की राशि, तोरण, शॉल एवं प्रशस्तिपत्र भेंट किए जाएंगे।

विज्ञापन कम्पनी ओगिल्वी एण्ड मेदर के दक्षिण एशिया के कार्यकारी अध्यक्ष एवं रचनात्मक निदेशक पियुष पाण्डे को राष्ट्रीय स्तर का हल्दीघाटी अलंकरण प्रदान किया जाएगा।

हकीम खां सूर अलंकरण इस बार मानवाधिकारों के लिए लड़ने वाली जानी मानी प्रख्यात अधिवक्ता एवं समाजसेविका श्रीमती वृन्दा ग्रोवर को प्रदान किया जा रहा है।

महाराणा उदयसिंह अलंकरण इस वर्ष देश के फोरेस्ट मेन ऑफ दी आसाम के नाम से मशहूर पर्यावरणप्रेमी पद्मश्री जादव मुलाय पयांग को प्रदान किया जाएगा। पन्नाधाय अलंकरण पद्मश्री अनु आगा को सामाजिक सेवा के प्रति किए गए कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्तर पर दिए जाने वाले इन चारों अलंकरणों के तहत प्रत्येक विभूति को 51001 रुपए नकद, तोरण, शॉल एवं प्रशस्तिपत्र भेंट किए जाएंगे।

समारोह के संयोजक डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि अलंकरण समारोह आगामी 22 मार्च को होगा, जिसमें ये अलंकरण फाउण्डेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी अरविन्द सिंह मेवाड़ प्रदान करेंगे। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रकवि बालकवि बैरागी द्वारा की जाएगी।